हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 8 फरवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

13 राजिम के कलाकारों की प्रस्तुति के साथ कर्णेश्वर ...


14 कॉलेज स्तर की परीक्षाएं 7 मार्च से, छात्र-छात्राएं तैयारी में जुटे








## खबर संक्षेप

### निषाद केवट समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज का प्रदेश स्तरीय 24वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन व आदर्श विवाह सम्मेलन 8 फरवरी रविवार को वीआईपी रोड खेल मैदान फुंडहर रायपुर में सुबह 8 बजे से आयोजित किया गया है। 15 जोड़ों का आदर्श विवाह होगा। आयोजन से पहले छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। 200 से ज्यादा युवक-युवती मंच से जीवन साथी चुनने परिचय भी देंगे। जिलाध्यक्ष चन्दूलाल निषाद, उपाध्यक्ष हरकराम निषाद, महासचिव नारायण निषाद ने विवाह योग्य युवक-युवतियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### मधुबन मेला में जमीन का चयन 9 को



**मगरलोड।** श्रीराम महायज्ञ एवं मेला समिति मधुबन धाम रांकाडीह में मेला महोत्सव 19 से 27 फरवरी तक नौ दिवसीय मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला में व्यवसायी एवं दुकानदार 9 फरवरी सोमवार को सुबह 10 बजे मधुबन धाम में स्थान सुरक्षित करा सकते है। कथावाचक अशोक हरिवंश चतुर्वेदी आश्रम शिवरीनारायण होंगे।

### हेमंत ने चौथे प्रयास में उत्तीर्ण की नेट परीक्षा

**कुरुद।** संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के वाणिज्य विभाग के पूर्व छात्र हेमन्त पिता ढेलूराम ने यूजीसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) दिसम्बर 2025 की परीक्षा उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण की है।



विदित हो कि नेट की परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्य करने की पात्रता परीक्षा होती है। हेमंत ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों व मित्रों को दिया है। गौरतलब है कि हेमंत ने चौथे प्रयास में ही नेट की परीक्षा सफलता प्राप्त की है। पूर्व में दो प्रयास में केवल पीएचडी एडमिशन क्वालीफाई हुआ था और तीसरे प्रयास जून 2025 में महज एक प्रश्न के अंतर से चूके थे। लेकिन इस बार कड़ी मेहनत व लगन ने उन्हें सफलता मिली है। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ एके मिश्रा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष टिकेश साहू, एनके मेश्राम पूर्व वाणिज्य विभागाध्यक्ष (सेनि) वर्तमान विभागाध्यक्ष पवन ताम्रकर ने हर्ष जाहिर किया है।

---

बाघों का स्थायी ठिकाना बनाने यूएसटीआर में बाघिनों की जरुरत

# सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व में दिखा बाघ

## बारनवापारा अभ्यारण्य के कैमरे में हुआ कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के जंगल में बाघों की संख्या बढ़ने के बाद नर बाघ नए क्षेत्र के लिए बाहर के जंगलों की ओर कूच कर रहे हैं। अब उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघों की आवाजाही बढ़ने लगी है। बाघों की धमक तो हो रही है लेकिन वे यहां अपना ठिकाना नहीं बना पा रहे हैं। कहा जा रहा है कि रिजर्व क्षेत्र में मादा बाघ नहीं होने से बाघों का ठिकाना नहीं बन पा रहा है। बाघों को रोकने वन विभाग ने मादा बाघ लाने की योजना बनाई है।

बस्तर, गढ़चिरौली सहित रेड कॉरिडोर में सीआरपीएफ द्वारा संचालित नक्सल विरोधी अभियान के साथ-साथ उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की टीम द्वारा शिकाररोधी अभियान और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से जंगल का स्वास्थ्य बहाल करने में मदद मिली है। इससे निष्क्रिय पड़े टाइगर कॉरिडोर सक्रिय हो गए हैं। ताडोबा इंधारी टाइगर रिजर्व चंद्रपुर-गढ़चिरौली महाराष्ट्र को इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर छग से जोड़ता है। यह आगे चलकर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व और ओडिशा के सूनाबेड़ा वन्यजीव अभ्यारण से जुड़ता है।

यूएसटीआर के उपनिदेशक वरुण जैन बताते हैं कि रिजर्व टीम ने गढ़चिरौली, पंखाजूर और बीजापुर में संयुक्त शिकाररोधी अभियान चलाया गया है। रिजर्व क्षेत्र से 750 हेक्टेयर जमीन से अतिक्रमण हटाया गया। पिछले 9 माह में यूएसटीआर ने इस कारिडोर से 3 बाघों की आवाजाही दर्ज की है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में 2022 की गणना में बाघों की संख्या 785 तथा महाराष्ट्र में 444 पाई गई थी जिसके कारण नर बाघ नए क्षेत्र के लिए बाहर निकल रहे हैं।



### मध्यप्रदेश से दो बाघिन लाने का मामला लंबित

उपनिदेशक श्री जैन ने बताया कि बाघों का स्थायी ठिकाना बनाने बाघिनों को उदंती सतीनदी टाइगर रिजर्व में लाना जरूरी है। यूएसटीआर में दो बाघिन को मध्यप्रदेश से स्थानांतरित करने की योजना है। यह योजना पहले से ही एनटीसीए की मंजूरी के लिए लंबित हैं। बाघिनों के स्थानांतरण के लिए वन विभाग प्रयासरत हैं।

### बाघ का दायरा 15 सौ, बाघिन का 150 किमी

उपनिदेशक श्री जैन बताते हैं कि यूएसटीआर ने 700 किमी दूर से बाघों को आकर्षित करने में सफलता पाई है लेकिन रिजर्व में मादा बाघ नहीं होने से अस्थायी बाघों को ज्यादा समय तक नहीं रोक पा रहा है। सामान्यतः बाघिन केवल 100 से 150 किमी तक जाती है, जबकि नर बाघ 1500 किमी तक घूम सकते हैं। उन्होंने बताया कि मई 2025 में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में फोटो खींची गई। नर बाघ की फोटो अब बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य के कैमरे में कैद हुआ है, जिसकी पहचान उसके शरीर की धारियों से की गई है। इसी तरह 2022 में तेलंगाना के कवाल टाइगर रिजर्व से 700 किमी का सफर तय कर उदंती सीतानदी के जंगल आया एक नर बाघ 2023 में ओडिशा के देब्रीगढ़ वन्यजीव अभ्यारण्य चला गया।

---

# साइबर ठग को खाता किराए पर दिया, म्यूल अकाउंट धारक गिरफ्तार

- मगरलोड पुलिस की कार्रवाई खाते के माध्यम से की गई है 24 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



साइबर ठग को अपना खाता किराए या कमीशन पर देने वाले आरोपी को मगरलोड पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके म्यूल अकाउंट से साइबर ठग ने एक महिला को 24 हजार रुपए का चूना लगाया है। अन्य मामलों की तरह इस मामले में भी साइबर ठग का अता-पता नहीं है। खाता किराए पर देने वाला ही पुलिस के हत्थे चढ़ा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर एक म्यूल अकाउंट के खाता धारक का अवलोकन किया गया, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि 9 जनवरी ▶▶ शेष पेज 12 पर

### ठग ने ऐसे लगाया था चूना

पीड़िता एवं गवाहों ने पुलिस को बताया कि साइबर ठग ने धनलक्ष्मी बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर पीड़िता को ऑनलाइन लोन देने के बहाने फोन-पे का पासवर्ड प्राप्त कर लिया। इसके बाद आरोपी के खाते के क्यूआर कोड के माध्यम से 24 हजार रूपये की धोखाधड़ी की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चॉइस सेंटर संचालन से संबंधित शासन की गाइडलाइन अथवा लेन-देन से जुड़ा कोई रजिस्टर संधारित नहीं किया जाना स्वीकार किया। उसने क्यूआर कोड के माध्यम से अपने मोबाइल में राशि प्राप्त करना भी स्वीकार किया। पुलिस ने उसका मोबाइल फोन जप्त किया है।

### क्या है म्यूल अकाउंट

म्यूल अकाउंट ऐसा बैंक खाता होता है, जिसे कोई व्यक्ति अपने नाम से खोलकर या पहले से खुले अपने बैंक खाते को किसी दूसरे व्यक्ति को इस्तेमाल करने के लिए देता है। अक्सर साइबर ठग ऐसे खातों का उपयोग ऑनलाइन ठगी, फर्जी निवेश, लोन ऐप, ओटीपी फ्रॉड आदि में करते हैं। अधिकांश मामलों में म्यूल अकाउंट के खाताधारक को लालच देकर या झांसा देकर फंसाया जाता है। इन मामलों में साइबर ठग तो ठगी के बाद गायब हो जाता है, लेकिन खाता धारक पकड़ा जाता है। अपने खाते में लेनदेन के लिए कानूनी रुप से खाताधारक ही जिम्मेदार होता है।

---

# दो दिन में सिर्फ 390 किसान ही धान बेच पाए, साढ़े 6 हजार वंचित

- नियम इतने थे सख्त कि किसान धान नहीं बेच पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



खरीदी की अंतिम तिथि के बाद भी दो दिन किसानों से धान की खरीदी की गई, लेकिन नियम ऐसे सख्त रखे गए थे कि इन दो दिनों की छूट के बाद भी अधिकांश किसान धान बेचने से वंचित हो गए हैं। कई किसान तो आंदोलन के मूड में है।

इस साल धान खरीदी समस्याओं के बीच हुई। पहले कर्मचारियों के आंदोलन के चलते किसान परेशान हुए। शुरू से लेकर अंत तक किसान टोकन के लिए मशक्कत करते रहे। कभी पोर्टल बंद, तो कभी रकबा सरेंडर जैसी अनेक समस्याओं के बीच किसानों से धान खरीदा गया। खरीदी के अंतिम समय में तो नियम इतने टाइट कर दिए गए कि बड़ी संख्या में किसान धान बेचने से चूक गए। टोकन एप बंद होने और धान का भौतिक सत्यापन अनिवार्य होने के कारण कई किसान धान नहीं बेच पाए। ऐसे किसानों का धान खरीदने के लिए शासन ने 5 और 6 फरवरी को फिर से धान खरीदी की, लेकिन नियम इतने सख्त थे कि इन दो दिन में 390 किसान ही धान बेच पाए, जबकि साढ़े 6 हजार किसान धान नहीं बेच पाए हैं।

### सबसे ज्यादा सरना धान की खरीदी

अब तक की खरीदी पर नजर डालें तो कुल 59 लाख 42 हजार 994 क्विंटल धान की खरीदी हुई है। इसमें से सर्वाधिक सरना धान 26 लाख 69 हजार 37 क्विंटल की खरीदी की गई है। मोटा धान कम मात्रा में 26 लाख 34 हजार 174 क्विंटल खरीदा गया है। पतला धान मात्र 6 लाख 30 हजार 408 क्विंटल ही खरीदा गया है।

---

# जिला अस्पताल पहुंची दो नई अत्याधुनिक एम्बुलेंस

- मरीजों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बीते दिनों से लगातार की जा रही मांग को देखते हुए दो अत्याधुनिक एम्बुलेंस खरीदी गई जिसमें एक बड़ी एम्बुलेंस एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टमयुक्त है। दोनों नई एम्बुलेंस जिला अस्पताल पहुंच गई है।

एम्बुलेंस वाहन घायल व मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में अहम भूमिक निभाती है। वैसे तो आईपीडी की सुविधा वाले निजी अस्पताल एम्बुलेंस सेवा से लैस रहते हैं। वहीं जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी स्थानीय एम्बुलेंस तैनात रहती है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एम्बुलेंस की लगातार आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसके लिए समाजसेवी शिवा प्रधान द्वारा पूर्व में भी जिला अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री से एडवांस लाइफ सपोर्टयुक्त एम्बुलेंस की मांग की गई थी। स्वास्थ्य मंत्री ने मांग को गंभीरता से लेते हुए संजीवनी 108 की एएलएस एम्बुलेंस को दूसरे जिले से धमतरी भेजा था जो धमतरी लोकेशन में कुछ दिनों तक खड़ी रही। लेकिन काफी समय से उक्त एएलएस एम्बुलेंस 108 का कोई अता पता नहीं है। एम्बुलेंस की मांग प्रशासन से भी लगातार की जा रही थी, जिसके चलते बीते माह हुई रेडक्रास सोसायटी की सामान्य सभा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्ताव रखा गया, जिसे स्वीकृत कर लिया गया। स्वीकृति पश्चात रेडक्रास व जेडीएस फंड से एक बड़ी एडवांस लाइफ सपोर्टयुक्त एम्बुलेंस/एएलएस व दूसरी छोटी बेसिक लाइफ सपोर्ट/बीएलएस एम्बुलेंस की खरीदी की गई। एएलएस एम्बुलेंस 32 लाख व बीएलएस एम्बुलेंस 8 लाख कुल 40 लाख की है। बड़ी एम्बुलेंस अत्याधुनिक संसाधानों से लैस है जिसमें वेंटिलेटर, आक्सीजन, मॉनिटर, सीरिंज, ▶▶ शेष पेज 12 पर



### दो एम्बुलेंस मिली है : सीएमएचओ

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.यूएल कौशिक ने बताया कि धमतरी को दो एम्बुलेंस मिली है जिसमें से एक एम्बुलेंस एएलएस है वहीं दूसरी बीएलएस है। इसमें से बीएलएस एम्बुलेंस को गट्टासिल्ली भेजा जाएगा। वहीं एडवांस लाइफ सपोर्टयुक्त एम्बुलेंस को धमतरी के आसपास रखा जाएगा।

---

# डूमरपाली में नवीन शाला भवन की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जनपद पंचायत मगरलोड के वन समिति सभापति श्रीमती तिलोत्मा साहू ने शासकीय माध्यमिक शाला डूमरपाली के लिए नवीन शाला भवन की स्वीकृति के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। सभापति तिलोत्मा ने कहा है कि डूमरपाली शासकीय माध्यमिक शाला भवन जर्जर हो चुका है। बारिश के दिनों में शाला के सभी कमरों की छत से पानी टपकता है। पानी के रिसाव से छत कमजोर हो चुकी है। दीवारों में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं। शाला भवन की पूर्व में आंशिक मरम्मत की जा चुकी है। खतरे की आशंका के बीच बच्चों को पढ़ाने की मजबूरी है। डूमरपाली के लिए नवीन शाला भवन स्वीकृति करने की मांग की है।

---

राज्य स्तर पर विषय विशेषज्ञ, मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक फोन कॉल पर उपलब्ध

# हेल्प डेस्क : फोन कॉल पर ही परीक्षा का भूत भगाएंगे एक्सपर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बोर्ड परीक्षा का प्रेशर कम करने के लिए छात्रों के लिए राज्य स्तर पर मनोवैज्ञानिकों और मनोचिकित्सक की ड्यूटी लगाई गई है, जो फोन कॉल पर ही छात्रों की समस्याओं का समाधान करेंगे। यही नहीं शिक्षक भी फोन कॉल पर कोर्स के डाउट्स क्लीयर कर रहे हैं।

बोर्ड परीक्षा को अब कुछ ही दिन शेष हैं। ऐसे में दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों पर पढ़ाई का प्रेशर बढ़ हुआ है। लगातार पढ़ाई के चलते कई छात्र मानसिक परेशानियों से भी घिर जाते हैं। इसके साथ ही परीक्षा में अच्छे रिजल्ट के लिए भी दबाव बना हुआ है। छात्रों की इन परेशानियों को दूर करने के लिए राज्य स्तर पर हेल्पलाइन डेस्क प्रारंभ किया गया है। इस हेल्पलाइन डेस्क के टोल फ्री नम्बर पर कॉल करके छात्र अपनी समस्या का समाधान पा सकते हैं। यही नहीं अच्छे रिजल्ट के छात्रों के डाउट्स भी क्लीयर किए जा रहे हैं वे भी एक्सपर्ट द्वारा फोन कॉल पर। यह हेल्प लाइन नम्बर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रोजाना चालू रहेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल के हेल्पलाइन समन्वयक डॉ प्रदीप कुमार साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा के 15 दिवस पूर्व हेल्पलाइन का संचालन किया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष रेणु पिल्ले, सचिव पुष्पा साहू के निर्देशन में प्रथम चरण में 5 फरवरी से 18 फरवरी तक संचालन किया जाएगा। हेल्प डेस्क का दूसरा चरण 19 फरवरी से शुरू होगा।



### समस्या का हो रहा समाधान

रसायन शास्त्र, गणित, जीव विज्ञान, अंग्रेजी सहित अन्य महत्वपूर्ण और कठिन विषयों पर विषय एक्सपर्ट छात्रों के डाउट्स क्लीयर भी कर रहे हैं। 5 फरवरी को अंग्रेजी विषय की विषय विशेषज्ञ श्रीमती अंशु गुलाटी एवं डॉ माधुरी बोरेकर जीव विज्ञान, श्रीमती सुनीता पाण्डेय रसायन शास्त्र परीक्षा की तैयारी के संबंध में विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान किया। यह सुविधा रोजाना चालू रहेगी।

### भगाएंगे परीक्षा का डर

हेल्प डेक्स में मनोवैज्ञानिक, मनोचिकित्सक की भी नियुक्ति की गई है। रोजाना ये मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सक टोल फ्री नम्बर 18002334363 पर उपलब्ध रहेंगे। किसी छात्र को परीक्षा से डर लग रहा है। पढ़ाई में मन नहीं लग रहा है या अन्य प्रकार की कोई मानसिक परेशानी है तो वे फोन कॉल से ही अपनी परेशानी का हल प्राप्त कर सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### रक्तदान से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को दिया जीवन दान

**जगदलपुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल ब्लड बैंक के इंचार्ज मेकॉज ब्लड बैंक में ब्लड स्टॉक की कमी होने के कारण जरूरतमंद मरीज को समय पर ब्लड मिल जाए। इसके लिए डॉ. राजकिशोर नायक ने थैलेसीमिया बच्चे शाहिल को रक्तदान कर जीवन दान दिए। उन्होंने रक्तदान दानदाताओं एवं सभी शासकीय कर्मचारियों, सर्वसामाजिक बन्धुओं, गणमान्य नागरिकों, संगठनों से कहा कि मेकॉज डिमरापाल के ब्लड बैंक में अपना बहुमूल्य रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों को जीवदान देने में मदद करें।

**निधन**

### दर्शनलाल सिन्हा



**मगरलोड।** ग्राम सरगी निवासी दर्शनलाल सिन्हा उम्र 82 वर्ष का 5 फरवरी गुरूवार को निधन हो गया। वे कांतिबाई सिन्हा के पति, डॉ. हरिविनायक सिन्हा सरपंच के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### गिरिजाबाई साहू



**नगरी।** ग्राम पंचायत डोंगरडुला की गिरिजाबाई साहू का निधन शनिवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में प्रतापनारायण साहू, भीम साहू, रोहित साहू, मोहित साहू, संदीप, चतुर्भुज, मोहनिश, ओमप्रकाश, त्रिलोक, ज्ञानेंद्र, जीवांश, शिवप्रकाश, चंद्रप्रकाश, नरेश सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### सखाराम साहू



**नगरी।** ग्राम पंचायत करैहा के उपसरपंच एवं परिक्षेत्र साहू समाज परसापानी के पूर्व अध्यक्ष सखाराम साहू का निधन 7 फरवरी शनिवार को हो गया। वे भूपेंद्र साहू के पिता थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उसके निधन से गांव में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट में किया गया।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

### साइबर ठग को खाता किराए पर दिया, म्यूल अकाउंट धारक गिरफ्तार

को बैंक ऑफ बड़ौदा, मेघा शाखा, थाना मगरलोड के एक खाते में 24 हजार रूपये की राशि ऑनलाइन ठगी के माध्यम से प्राप्त की गई है। जांच में पाया गया कि यह खाता धर्मेन्द्र कुमार साहू उम्र 27 वर्ष पिता भगोली राम साहू निवासी बेलोरा थाना मगरलोड का है। पीड़िता और गवाहों के बयान, साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 317(2), 317(4), 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

**रहें सावधान :** पुलिस ने ऐसे मामलों से बचने के लिए लोगों से अपील की है। पुलिस की सलाह है कि अपना बैंक खाता, एटीएम, यूपीआई, ओटीपी, चेकबुक किसी को न दें। आसान तरीके से पैसे कमाने या कमीशन के लालच में न आएं। अनजान कॉल, मैसेज पर केवाईसी अपडेट न करें। संदेह होने पर तुरंत 112 या नजदीकी थाना, साइबर सेल से संपर्क करें। कोई यदि आपका बैंक अकाउंट इस्तेमाल करने की मांग करता है तो स्पष्ट रूप से मना कर दें।

### जिला अस्पताल पहुंची दो नई अत्याधुनिक एम्बुलेंस

पंप, सेक्शन मशीन, स्पाइन बोर्ड, फोल्डेबल स्ट्रेचर, इमरजेंसी दवाइयां सहित अन्य सुविधाए हैं। खरीदी के बाद दोनों नई एम्बुलेंस जिला अस्पताल पहुंच गई है। अब देखना यह है कि दो नई एम्बुलेंस जिला अस्पताल में सेवा देगी कि उसे आसपास कहीं और भेज दिया जाएगा।

---

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ "संगी मिलन" महासमारोह

# 52 बैच के पूर्व छात्र-छात्राओं का हुआ ऐतिहासिक मिलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस विशेष आयोजन को "संगी मिलन" नाम दिया गया, जिसमें वर्ष 1974 से लेकर 2025 तक के कुल 52 बैच के पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। वर्षों बाद एक ही मंच पर एकत्र हुए साथियों के मिलन से विद्यालय परिसर भावनाओं और उल्लास से सराबोर हो उठा।

समारोह के दौरान सभी बैच को क्रमशः मंच प्रदान किया गया, जहां पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय और गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजक समिति द्वारा सभी पूर्व विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पुराने साथियों ने नृत्य-गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बीते दिनों की यादों को जीवंत किया, जिससे पूरा वातावरण आनंद और उत्साह से भर गया।

इस अवसर पर पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपनी स्वेच्छा से विद्यालय के विकास हेतु सहयोग राशि भी प्रदान की। कई वर्षों बाद जब पुराने मित्र एक ही बेंच पर बैठने और विद्यालय के आंगन में बिताए गए दिनों को याद करते हुए मिले, तो सभी भावुक हो उठे। गुरुजनों की डांट-फटकार और शाला जीवन की यादों ने सबके हृदय को गदगद कर दिया।

अपने उद्बोधन में समाजसेवी रामाराव बघेल ने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक मिलन नहीं, बल्कि विद्यालय में बिताए सुनहरे दिनों को पुनः जीने का अवसर है। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर आज सभी पूर्व छात्र-छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं और विद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी को मिलकर सहयोग करना चाहिए।

इस आयोजन में समिति अध्यक्ष शैलेंद्र धेनुसेवक, उपाध्यक्ष रामाराव बघेल, टेश्वर सिंह ध्रुव, राकेश चौबे, विजय साहू, सतीश सोनी, कमलेश यदु, पिंकी यदु, आसिफ खान, तपन धेनुसेवक, हीरा मरकाम, मनोज ठाकुर, देवेन्द्र साहू, अकबर कश्यप, हनीफ खान, प्रवीण गुप्ता, जशवंत नाग, तरूण निषाद, भावेश पारख, उज्जवल डोटे, यवनेश देवांगन, दिलेश शांडिल्य, मानसिंह साहू, धर्मेन्द्र देवांगन, राजेश पटेल, पूरण ध्रुव, इन्द्रजीत देवांगन, खिलेश्वर साहू, बसंत भक्त, बलराम देवांगन, आशीष खंडेलवाल, नूतन डोटे सहित अनेक सदस्यों का योगदान रहा।

## सामान क्रय करते समय अवसान तिथि मूल्य का अवलोकन अवश्य करें



- जागरूकता शिविर में दी गई उपभोक्ताओं के अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम सोरम में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्राही एवं सदस्यद्वय सुश्री रूपा शर्मा एवं अरविन्द सिंह परिहार ने ग्रामीणजनों को उपभोक्ता अधिकारों से अवगत कराया तथा ई-जागृति पोर्टल व ई-हियरिंग के संबंध में भी जानकारी दी। उन्हें यह भी बताया कि कोई भी सामान क्रय करते समय उसकी अवसान तिथि/एक्सपायरी डेट तथा मूल्य का अवलोकन अवश्य करें तथा सामान का पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

ग्रामीणों ने इस मौके पर फसल बीमा, अन्य कृषि उपकरण एवं खाद बीज के संबंध में जानकारी ली। जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य अरविन्दसिंह परिहार ने ई-जागृति पोर्टल व ई-हियरिंग के संबंध में जानकारी दी।

मौके पर पूर्व जनपद सदस्य रामेश्वर प्रसाद साहू, सरपंच श्यामसुंदर सिन्हा, उपसरपंच नरेन्द्र साहू, सचिव अभिषेक तिवारी, पंचगण गोवर्धन निषाद, हेमलता साहू, कौशिल्या साहू, अनिल यादव, ईश्वरी मारकडे, हेमलाल, रामरानी यादव, सुखवंतीन ध्रुव, पुरुषोत्तम साहू, गोदावरी निषाद, त्रिवेणी साहू, खेमीन साहू, मन्नु साहू, महादेव ध्रुव समेत जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी सतीश मेनन व नवीन जायसवाल भी उपस्थित थे।

## ग्राम तुमड़ीबहार में राधा-कृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा एवं सम्मान समारोह 9 को

शिक्षा मंत्री को कार्यक्रम में शामिल होने दिया न्योता

**नगरी।** छत्तीसगढ़ यादव समाज सिहावा क्षेत्र के तत्वावधान में ग्राम तुमड़ीबहार में राधा-कृष्ण मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा एवं सम्मान समारोह का आयोजन 9 फरवरी को किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आयोजन को लेकर यादव समाज के सामाजिक प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से उनके निज निवास में मुलाकात कर कार्यक्रम के संबंध में सार्थक चर्चा की, जिस पर उन्होंने आमंत्रण सहर्ष स्वीकार किया।

इस आयोजन की अध्यक्षता विधायक अंबिका मरकाम करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि प्रकाश बैस जिलाध्यक्ष भाजपा मंडल धमतरी, श्रवण मरकाम पूर्व विधायक, रमेश यदु प्रदेश अध्यक्ष सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़, परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ यादव समाज छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नपं नगरी, ज्योति सोम सरपंच ग्राम पंचायत ठेनही, जीवन लाल नाग सरपंच ग्राम पंचायत मेचका), सावित्री मंडावी होंगी। इस दौरान सिहावा क्षेत्र यादव समाज अध्यक्ष गोवर्धन यादव, धमतरी जिला युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डीके यादव, सर्व यादव समाज सिहावा क्षेत्र अध्यक्ष नन्द यादव, उपाध्यक्ष संतोष यादव, सचिव डोमेंद्र यादव, भोथली परिक्षेत्र अध्यक्ष अंकालू यादव, उपाध्यक्ष नरेश यादव, सचिव गजानंद यादव, वार्ड तुमड़ीबहार वरिष्ठ सलाहकार जीवन यादव, मेचका अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ भोथली परिक्षेत्र देवचरण यादव सहित अन्य शामिल रहे।

## बठेना वार्ड में मुक्तिधाम से अर्जुनी थाना तक बनेगी नाली

- महापौर रामू रोहरा ने निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बठेना वार्ड में मुक्तिधाम से अर्जुनी थाना तक प्रस्तावित आरआरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की कुल लागत 24.84 लाख रुपये है, जिससे क्षेत्र में जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा।

मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर रामू रोहरा ने पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में बुनियादी सुविधाओं का विकास नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आरआरसीसी नाली निर्माण से बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा स्वच्छता एवं जन-स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह कार्य अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

मौके पर सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन, एमआईसी सदस्य विजय मोटवानी, श्यामलाल नेताम, पिंटू यादव, श्रीमती विभा चंद्राकर, पार्षदगण मेघराज ठाकुर, अज्जू देशलहरे, श्रीमती चंद्रभागा साहू, श्रीमती भारती साहू सहित कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## जनपद कार्यालय में वीबी जी-राम-जी योजना का किया प्रचार-प्रसार

पाम्पलेट बांट योजना की सही जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



जनपद पंचायत कुरुद में वीबी जी-राम-जी से संबंधित पाम्पलेट का वितरण कर व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को योजना-कार्यक्रम के उद्देश्यों, लाभों एवं सहभागिता के प्रति जागरूक करना रहा। जनपद पंचायत परिसर सहित आसपास के क्षेत्र में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को पाम्पलेट वितरित किए गए जिससे अधिक से अधिक लोग इस पहल से जुड़ सके।

कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित सेन ने पाम्पलेट वितरण अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि योजनाओं की सही जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए केवल कार्यालयीन स्तर पर कार्य करना पर्याप्त नहीं है जनसंपर्क और जागरूकता अभियान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वीबी जी-राम-जी से जुड़ी जानकारी को सरल और प्रभावी माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के लिए पाम्पलेट वितरण एक सशक्त साधन है। पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे इस प्रकार के अभियान को गंभीरता से लें और जमीनी स्तर पर इसका प्रभाव सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जनपद पंचायत के विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर पाम्पलेट वितरण में सक्रिय सहभागिता निभाई और ग्रामीणों को इसके बारे में जानकारी दी। पाम्पलेट में वीबी जी-राम-जी से संबंधित प्रमुख बिंदुओं, उद्देश्यों तथा अपेक्षित सहभागिता को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया ताकि हर वर्ग के लोग इसे आसानी से समझ सकें।

## अब बारिश में जलभराव की समस्या नहीं होगी

- चिरपोटी में सीसी रोड निर्माण व आंगनबाड़ी मरम्मत कार्य का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



ग्राम पंचायत भेंडरवानी के आश्रित ग्राम चिरपोटी में लंबे समय से जर्जर सड़क और कीचड़ की समस्या से परेशान स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। 5 लाख 20 हजार रुपए की लागत से कांक्रीट सड़क बनाई जायेगी जिससे बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या नहीं होगी। स्थानीय नागरिकों ने सड़क निर्माण का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आवागमन सुगम होगा। ग्राम पंचायत भेंडरवानी के अंतर्गत आश्रित ग्राम चिरपोटी में सीसी रोड एवं आंगनबाड़ी मरम्मत कार्य का भूमिपूजन किया गया। कुरूद विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा में यह कार्य स्वीकृत किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत सभापति पूजा राजू सिन्हा, सरपंच मिथिलेश कुमार साहू, उपसरपंच सावित्री गजेंद्र निर्मलकर, उमेश्वर पटेल समेत पंचगण मौजूद थे।

## बिरगुड़ी में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नव युवा मंच द्वारा ग्राम बिरगुड़ी में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम एव सरपंच अमृत नाग ने किया। प्रमोद कुंजाम ने कहा कि कबड्डी केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारी भारतीय संस्कृति, अनुशासन, साहस और टीम भावना का प्रतीक है। यह खेल गांव-गांव की मिट्टी से जुड़ा है और युवाओं में आत्मविश्वास, शारीरिक स्फूर्ति तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। इस अवसर पर नीलकुमार सूर्यवंशी, मुकेश कुंजाम, यशवंत मांडवी, राकेश नेताम, रूपेश ध्रुव, ठाकुरराम कुंजाम, गोवर्धन नाग, गुलाब निषाद, संतोष निषाद सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## वार्षिक स्नेह सम्मेलन में दिखी छग की संस्कृति व परंपरा की झलक

- सशिमं उमरगांव में मातृ सम्मेलन सह वार्षिक स्नेह सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी





ग्राम उमरगांव में अंगिरा ऋषि शिक्षण समिति घठुला एवं संयोजन समिति संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उमरगांव में मातृ सम्मेलन सह वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागचंद बिसेन खंड सहसंचालक आरएसएस नगरी थे। अध्यक्षता देवेन्द्र सेन संयोजक सशिमं उमरगांव ने की। विशेष अतिथि क्षमा साहू जनपद सदस्य, अंजना ध्रुव सरपंच, कुशलाल चतुर सरपंच रानीगांव, दिलीप सोम सरपंच मल्हारी, मोतीलाल दिवाकर खंड कार्यवाह आरएसएस नगरी, अंगेश हिरवानी पत्रकार, पेमेन्द्र पटेल सचिव अंगिरा ऋषि शिक्षण समिति, लालसिंह साहू अध्यक्ष सशिमं, सीताराम साहू अध्यक्ष पालक समिति, सुभाषिनी मरकाम, हुलसी ध्रुव, कोमल यादव, शोभित नेताम थे।

कक्षा अरुण, उदय से लेकर तृतीय तक के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, छत्तीसगढ़ी एवं हिन्दी गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों की प्रस्तुतियों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और लोक मान्यताओं की सुंदर झलक देखने को मिली। मातृ सम्मेलन अंतर्गत माताओं द्वारा गीत, भजन, नृत्य एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

इस अवसर पर संयोजक देवेन्द्र सेन ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर न केवल शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि बच्चों में संस्कार, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति के भाव भी विकसित करता है, जिससे एक सशक्त और चरित्रवान पीढ़ी का निर्माण संभव होता है। कार्यक्रम का संचालन विष्णुरत साहू ने किया। इस दौरान सशिमं उमरगांव के प्रधानाचार्य भानूराम ध्रुव, सशिमं घठुला के प्रधानाचार्य भानुराम सोम सहित विद्यालय स्टाफ और ग्रामीण उपस्थित थे।

पुणे स्थित आईआईएसईआर में तीन दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन

# जिले के शिक्षकों ने खेल-खेल में सीखी विज्ञान-गणित की नवीन अध्यापन तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 28 से 30 जनवरी 2026 तक भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), पुणे में तीन दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला आयुक्त किरण कौशल के मार्गदर्शन, उपसंचालक डी.के. सारस्वत, सहसंचालक मंजूलता साहू एवं एपीसी राजेश सोनकर के निर्देशन तथा एपीसी बसंत वर्मा के नेतृत्व में हुई। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य के 100 चयनित शिक्षकों ने भाग लिया, जिनमें धमतरी जिले से 5 शिक्षक सहभागी बने।

धमतरी जिले से विकासखंड नगरी अंतर्गत श्रीमती सुषमा अडील (माध्यमिक शाला पंडरीपानी माल) एवं मनोज पटेल (माध्यमिक शाला घटुला), विकासखंड धमतरी से हितेश साहू (माध्यमिक शाला सांकरा) तथा विकासखंड कुरूद से शकुंतला कंवर एवं रामनारायण साहू ने कार्यशाला में सहभागिता की।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में विज्ञान एवं गणित की अवधारणाओं को दैनिक जीवन की गतिविधियों से जोड़कर सरल, रोचक एवं प्रभावी ढंग से पढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। विशेषज्ञों ने बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, मौसम परिवर्तन के प्रभावों को समझाने तथा वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से जीवन को सरल बनाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान के विभिन्न विषयों को कहानी, प्रयोग एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति से पढ़ाने के व्यावहारिक सुझाव दिए गए।

पूरी कार्यशाला के दौरान अशोक रूपल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। ध्वनि विषय पर प्रोफेसर बापट, पक्षी विज्ञान एवं डार्विन के सिद्धांत पर प्रोफेसर सलीम, दैनिक जीवन में विज्ञान विषय पर अर्बन हजारा तथा रसायन विज्ञान पर नीरज मैम ने जानकारी साझा की। अर्णव , शालिनी मैम, अंकेश एवं राहुल ने भी विभिन्न सत्रों में योगदान दिया।

अंतिम दिवस आयोजित फीडबैक सत्र में संस्थान के डायरेक्टर ने शिक्षकों को संबोधित किया। रायपुर संभाग से सुषमा अडील एवं बिलासपुर संभाग से अवधेश ने कार्यशाला का सार प्रस्तुत किया। शिक्षकों ने इसे विज्ञान-गणित अध्यापन को अधिक प्रभावी व रोचक बनाने में अत्यंत उपयोगी बताया।

## अंचल की खबरें

### डेमिन का सीआईएसएफ में चयन



**धमतरी।** बठेना वार्ड की डेमिन साहू पिता आत्माराम साहू का चयन सीआईएसएफ में हुआ। इस उपलब्धि पर क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान, कोच देवेंद्र यादव, नगर निगम स्पोर्ट्स अकादमी के संचालक देवेंद्र यादव, कोच योगेश साहू, टिक्की निर्मलकर, देवेश जोशी, वंदना बंजारे, रागिनी साहू, भागवत यादव, कैलाश यादव, ननकू महाराज, रामकुमार साहू, प्रियंका जैन, यशराज महावर समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

### बीएसएफ, सीआईएसएफ में चयनित युवाओं को दी विदाई



**धमतरी।** ग्राम बारना के बीएसएफ व सीआईएसएफ में चयनित युवाओं के लिए विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच दीपक पटेल, उपसरपंच मनीष पटेल, पूर्व सैनिक दिलीप निषाद, सैनिक प्रियेश पटेल, सैनिक हरिचंद्र पटेल, विजय साहू, ग्रामीण अध्यक्ष राजाराम पटेल, रूपचंद साहू, कमलेश बघेल, चुनेच यादव, यदुनंदन निर्मलकार, चंद्रशेखर साहू एवं परिजन उपस्थित थे।

### लिमतरा में कबीर सत्संग समारोह प्रारंभ




**धमतरी।** सदगुरु कबीर आश्रम लिमतरा में सत्संग समारोह प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस कबीर स्तम्भ में ध्वजारोपण अर्धनाम साहेब एवं धर्माधिकारी सुधाकर साहेब ने किया। संत मंडली एवं ग्रामवासियों दवारा ग्राम भ्रमण किया गया। राधेश्याम साहेब ने भजन प्रस्तुत किया। धर्माधिकारी सुधाकर साहेब तथा अर्धनाम साहेब ने सत्संग का महत्व बताया। सेवानिवृत व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू एवं उनके परिवार ने साधु संतों से आशीर्वाद लिया।

### "माटी के मोती" बन रहा शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का मजबूत आधार



**धमतरी।** ग्राम शंकरदाह में शिक्षा, सामाजिक चेतना और बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माटी के मोती यूथ ग्रुप निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। दिसंबर 2025 में गठित इस समूह में गांव के जागरूक युवाओं ने आगे बढ़कर समाज परिवर्तन की जिम्मेदारी संभाली है। समूह द्वारा प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक मोहल्ला कक्षा का संचालन किया जा रहा है, जिसमें 45-50 बच्चे नियमित रूप से अध्ययन कर रहे हैं। यहां बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ जीवन मूल्यों और करियर को लेकर मार्गदर्शन भी दिया जाता है। राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में नशाखोरी, मोबाइल की लत और शिक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके अलावा स्वच्छता अभियान, बसंत पंचमी आयोजन और 4 फरवरी को आयोजित पुस्तक मेले ने बच्चों व अभिभावकों में खास उत्साह पैदा किया। माटी के मोती यूथ ग्रुप शिक्षा को समाज निर्माण का आधार मानते हुए गांव के समग्र विकास की दिशा में प्रेरणादायक कार्य कर रहा है।

### भारत भूषण को मिली पीएचडी की उपाधि



**जीजामगांव।** डॉ. भारत भूषण साहू पिता पुरानिक राम व्याख्याता



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करगा को श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय धनेली रायपुर से जुलॉजी विषय पर डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका यह शोध कार्य इफ़ेक्ट ऑफ़ फीड सप्लीमेंटेशन ऑन मिल्क प्रोडक्शन ऑफ़ कोसली काऊस विथ स्पेशल रेफरेंस टू रायपुर डिवीजन पर किया गया। यह शोध कार्य डॉ. अयनंतिका पाल सहायक प्राध्यापक के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। शोध कार्य पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रेमन डेका ने उन्हें पीएचडी उपाधि प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया। उनकी इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सदस्य हेमंत साहू, छबि साहू, नूतन पटेल,सरपंच सावित्री साहू, गणेश्वर साहू समेत विद्यालय स्टाफ ने हर्ष जताया है।

मेला में अभूतपूर्व सहयोग देने वाले व्यक्ति, संस्था का ट्रस्ट ने किया सम्मान

# राजिम के कलाकारों की प्रस्तुति के साथ कर्णेश्वर मेला महोत्सव का समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कर्णेश्वर मेला महोत्सव का समापन छतीसगढ़ी कार्यक्रम गोल्डन स्टार नाइट राजिम की प्रस्तुति से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक रायपुर निरंजन सिन्हा थे। उन्होंने मेला महोत्सव को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत बताया। इस वर्ष मेला महोत्सव में स्कॉउट गाइड के छात्र छात्राओं द्वारा मन्दिर परिसर व भोजन शाला में उत्कृष्ट सेवा प्रदान की गई । नगर पंचायत द्वारा पेयजल आपूर्ति व उनके सफाई कर्मचारियों द्वारा मन्दिर परिसर की सफाई की गई। जल संसाधन विभाग द्वारा नदी में पानी भरपूर मात्रा में उपलब्ध कराया गया। अनुविभागीय अधिकारी वैभव रंगारी व टीआई शरद ताम्रकार के नेतृत्व में मेले में चाक चौबंद व्यवस्था रही। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग, कोटवार, सेवादार मेला व्यवस्था में लगे रहे जिनका सम्मान ट्रस्ट ने किया। ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने मेला महोत्सव के सफल आयोजन के लिये सभी का आभार माना। उन्होंने बताया कि मन्दिर दर्शनार्थियों सहित व्यापारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया।

मेला महोत्सव के दौरान रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस,जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व विधायक पिंकी शाह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम के दौरान दानदाताओं का सम्मान किया गया। साथ ही जिनकी जमीन में मेला लगता है। इनमें नोहर साहू, विनोद साहू, शम्भू गिरी गोस्वामी, मेघराज साहू,भैया निषाद, संतुराम साहू, देवव्रत ध्रुव का सम्मान किया गया।

इस दौरान संरक्षक कैलाश पवार, ट्रस्ट उपाध्यक्ष रवि ठाकुर, रवि दुबे, सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सह सचिवद्वय मोहन पुजारी राम, भरोसा साहू, नागेन्द्र शुक्ला, ललित शर्मा, आनंद अवस्थी, कमल डागा, गगन नाहटा, नोहर साहू, छबि ठाकुर, राम लाल नेताम, योगेश साहू अमर सिंह पटेल, रवि भट्ट, प्रेम लता नागवंशी, दीपक यदु, सचिन भंसाली, महेंद्र कौशल, प्रताप सुरेशा, मिलेश साहू, बबलू गुप्ता, ललित निर्मलकर, ईश्वर जांगड़े, अनिरुद्ध साहू, दुर्गेश साहू, कैलाश प्रजापति ,दीपक यदु, प्रकाश सार्वा ,राकेश चौबे, हनी कश्यप, नरसिंह मरकाम, मोहन नाहटा, होरी लाल पटेल, टेश्वर ध्रुव मदन साहू, सन्तु साहू, डोमार मिश्रा, किशन गजेन्द्र, अकबर कश्यप, भूपेश साहू, पुरूषोत्तम साहू की उपस्थिति रही।

**स्वास्थ्य विभाग ने लगाया स्टाल**

मेला महोत्सव के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंदिर परिसर में स्टाल लगाकर लोगों का प्राथमिक उपचार किया गया। डॉ प्रणव शाण्डिल्य के नेतृत्व में मोनिशा गुप्ता, राजीव चन्द्रवंशी, डी के ध्रुव, हरीश खत्री, सुंती ध्रुव, प्रदीप टण्डन, वेदिनी देवांगन, धनेश्वरी देवांगन, धनेश्वरी ध्रुव, भीमसेन ध्रुव, संतोष नेताम, कामेश्वर ध्रुव ने उपचार किया जिनका कर्णेश्वर ट्रस्ट ने सम्मान किया।

## धर्मांतरण, नशा का कारोबार सनातन समाज बर्दाश्त नहीं करेगा : ठाकुर



■ ख़रतुली में शिव महापुराण का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम ख़रतुली में युवाओं के तत्वावधान में आयोजित शिव महापुराण का भव्य समापन किया गया। समापन अवसर के मुख्य अतिथि हिन्दू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर रहे।

मुख्य अतिथि श्री ठाकुर ने अपने उद्बोधन में हिन्दू जागरण मंच के उद्देश्यों और समाजहित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि धर्मांतरण, गौ वंश की तस्करी और नशे के अवैध कारोबार को सनातन समाज किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने माताओं और बहनों से अपील की कि यदि उनके जीवन में कोई भी कष्ट या समस्या हो तो निः संकोच संगठन से संपर्क करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि गांव में कहीं अवैध भू-अतिक्रमण, नशे का कारोबार, गौ तस्करी या कोई अन्य अवैध गतिविधि हो रही हो तो उसकी सूचना संगठन को दें, ताकि समय रहते उसका निराकरण किया जा सके। साथ ही, यदि किसी को स्वावलंबन, रोजगारोन्मुखी सहयोग या मार्गदर्शन की आवश्यकता हो, तो हिन्दू जागरण मंच हरसंभव सहयोग के लिए तत्पर है। श्री ठाकुर ने शिव महापुराण की महिमा पर प्रकाश डालते हुए सनातन धर्म की शक्ति, एकता और संस्कारों के महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यक्रम में हिन्दू जागरण मंच के जिला सह संयोजक चित्रेश साहू, शुभम केशवानी एवं जतिन देवांगन मंचासीन रहे।

### संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता को दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** ग्राम मड़ाईभाठा निवासी व संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता सहदेव राम ठाकुर के निधन पर आयोजित शोक कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, जितेंद्र यदु जिला सह संघचालक, मंडल अध्यक्ष अमन राव, राहुल चोपड़ा, प्रवीण साहू, ज्ञानेन्द्र ध्रुव उपस्थित थे।

## वार्डों में जलापूर्ति की नियमित होगी मॉनिटरिंग तकनीकी खराबी पर तत्काल सुधार होगा

■ आगामी ग्रीष्मकाल में संभावित जल समस्या को लेकर हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



आगामी ग्रीष्मकाल में संभावित जल समस्या के प्रभावी निवारण तथा शहर के समग्र शहरी विकास को लेकर नगर निगम में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महापौर रामू रोहरा ने की, वहीं आयुक्त श्रीमती इंदिरा देवहारी विशेष रूप से उपस्थित रही। इस अवसर पर उपायुक्त पीसी सार्वा, जल विभाग अध्यक्ष अखिलेश सोनकर, कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत, उप अभियंता सहित जल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

अधिकारियों द्वारा शहर की वर्तमान जलापूर्ति व्यवस्था, जल स्त्रोतों की स्थिति, पानी टंकियों एवं पाइपलाइन नेटवर्क की समीक्षा की गई। साथ ही गर्मी के मौसम में जलस्तर गिरने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक जल आपूर्ति व्यवस्थाओं पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। महापौर ने निर्देशित किया कि सभी वार्डों में जल आपूर्ति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। कहीं भी लीकेज या तकनीकी खराबी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने टैंकर व्यवस्था को सुचारू रखने, बोरवेल एवं हैंडपंपों की समय-समय पर जांच कराने तथा जल संरक्षण को लेकर नागरिकों को जागरूक करने पर जोर दिया।

आयुक्त इंदिरा देहारी ने कहा कि जल संकट से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वयआवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को पूर्व तैयारी करने, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता बनाए रखने तथा शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान शहर के शहरी विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इसमें अधोसंरचना विकास, स्वच्छता व्यवस्था, सड़क एवं नाली निर्माण, नागरिक सुविधाओं के विस्तार सहित आगामी विकास कार्यों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।

## श्रीकृष्ण का जीवन केवल धर्म स्थापना ही नहीं प्रेम, आध्यात्मिक चेतना से भी जुड़ा है : कुमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



ग्राम करगा में श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन 2 से 10 फरवरी तक किया गया है।



कथावाचक पं. कुमेश शर्मा ने छटवें दिन श्री कृष्ण लीला एवं रुक्मिणी विवाह के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन केवल धर्म स्थापना और युद्ध विजय तक सीमित नहीं था, बल्कि यह प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से भी जुड़ा हुआ था। उनके जीवन की अनेक लीलाओं में से एक सबसे महत्वपूर्ण घटना थी रुक्मिणी विवाह। यह केवल एक राजकुमारी और एक राजकुमार का विवाह नहीं था, बल्कि यह सच्चे प्रेम, भक्ति और समर्पण की विजय की कहानी है। रुक्मिणी ने भगवान श्रीकृष्ण को मन, वचन और कर्म से अपना पति मान लिया था, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने उनके विवाह को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया। जब प्रेम सच्चा हो और भक्ति अडिग हो, तो स्वयं भगवान उसे सफल बनाते हैं। श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का विवाह केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि यह



प्रेम, भक्ति और शक्ति का अद्भुत संगम है। श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का जीवन हमें आदर्श दांपत्य जीवन और परम भक्ति का मार्ग दिखाता है। कथा सुनने राधेचरण साहू, प्रेमबती साहू, भूपति साहू, हेमलता साहू, गोविन्द साहू, गोमती साहू, संतोष साहू, मनभौतिन साहू , टेकराम, लक्ष्मीकांत सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

## जिले की जर्जर उचित मूल्य दुकानों की स्थिति से कराया अवगत

■ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति को मांगपत्र सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल से भेंट कर धमतरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान केंद्रों की स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने भवनविहीन, जर्जर तथा अन्य भवनों में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान केंद्रों के लिए शीघ्र नवीन भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराने की मांग को लेकर मांग पत्र सौंपा।

श्रीमती रंजना साहू ने बताया कि क्षेत्र के अनेक शासकीय उचित मूल्य दुकान केंद्र स्वयं के भवन के अभाव में पंचायत भवन, सामुदायिक भवन अथवा अन्य वैकल्पिक स्थानों पर संचालित हो रहे हैं, जिससे हितग्राहियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई केंद्र जर्जर अवस्था में होने से सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी बनी हुई हैं।

मांगपत्र में आमदी, खरतुली, सिवनीखुर्द, खरेंगा, बिजनापुरी, खम्हरिया, बंजारी, कंडेल, सोरम, अछोटा, रांवा, पोटियाडीह, रुद्री, भटगांव, अरौद, बागोडार, लोहरसी, अंगारा, बोरिदखुर्द, तेलीनसत्ती, सांकरा, लीलर, सारंगपुरी, रत्नाबांधा, भंवरमरा, भोथली, देवपुर, चिखली, परेवाडीह, सम्बलपुर, भानपुरी, दरगहन, लिमतरा, देवरी, सिवनीखुर्द सहित अन्य ग्रामों के केंद्रों की स्थिति का उल्लेख किया गया है।

कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल ने मांगपत्र पर आश्वासन देते हुए कहा कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा आवश्यकतानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान केंद्रों के लिए भवन निर्माण एवं मरम्मत की कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध प्लॉटिंग पर प्रशासन ने की कार्रवाई

**धमतरी।** जिला प्रशासन द्वारा अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। निवेश क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रुद्री, कोर्रा, भटगांव, श्यामतराई, अर्जुनी एवं खपरी में कृषि भूमि पर बिना वैधानिक अनुमति कॉलोनियां विकसित कर भूखंडों का अवैध विक्रय किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। शिकायतों के आधार पर नगर तथा ग्राम निवेश विभाग द्वारा जांच की गई, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके पश्चात सहायक संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग धमतरी द्वारा छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 36 एवं 37 के अंतर्गत संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी किए गए। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किए



जाने पर राजस्व विभाग, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग एवं नगरीय निकाय की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। 5 एवं 6 फरवरी को संयुक्त टीम ने ग्राम रुद्री, कोर्रा, भटगांव, श्यामतराई एवं खपरी में की जा रही अवैध प्लॉटिंग को हटाने की कार्रवाई की। ग्राम अर्जुनी में गुजराती कॉलोनी के पीछे निर्मित अवैध पहुंच मार्ग को ध्वस्त कर मार्ग विच्छेदन किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य स्थानों पर अवैध प्लॉटिंग हेतु खोदे गए गड्ढों को भी हटाया गया।

### गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को गणवेश वितरित

**धमतरी।** ग्राम छाती स्थित आंगनबाड़ी केंद्र छाती-2 में सेक्टर झिरिया, धमतरी ग्रामीण परियोजना के तहत सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं, बच्चों तथा समुदाय को पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में उपसरपंच रमेश यादव, वार्ड पंच टिकेश्वरी सुमित्रा, भोजकुमार सहित गर्भवती एवं शिशुवती महिलाएं तथा बच्चे उपस्थित रहे।

## वाणिज्य संकाय के छात्रों ने स्टॉक मार्केट की कार्यप्रणाली समझी

■ कुरुद कालेज में बीएफएसआई सेक्टर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद




संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद में नेशनल स्टाक एक्सचेंज/एनएसई एवं उच्च शिक्षा विभाग के मध्य हुए एमओयू अंतर्गत बीएफएसआई सेक्टर पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन वाणिज्य विभाग द्वारा 4 से 7 फरवरी तक किया गया। कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के 183 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, बीमा क्षेत्र, निवेश के अवसर तथा स्टॉक मार्केट की कार्यप्रणाली की जानकारी प्रदान की गई।

मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष टिकेश साहू एवं विशेष अतिथि योगेश साहू थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को व्यवसाय, उद्यमिता एवं करियर निर्माण से संबंधित ज्ञानवर्धक बातें बताईं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आशीष शर्मा,एनएसई से नियुक्त विशेषज्ञ ने बीएफएसआई सेक्टर में रोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. अरूण मिश्रा ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, मुंबई स्टॉक एक्सचेंज की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में इसकी स्थापना से वर्तमान तक योगदान को बताया। कार्यक्रम में डॉ. आरके पाण्डेय, एमएस साहू, डॉ. फिरोज सोनवानी, डॉ. हितनारायण टण्डन, शीबा वंजारी डॉ. तरूण पटेल, राकेश सोनकर, हरिराम साहू, कौस्तुभ तिवारी, विजय कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पवन ताम्रकार नोडल अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया। आयोजन में सुश्री रेणु पाटले, डॉ. श्रीकांत नामदेव, अंकिता साहू, हिना चन्द्राकर एवं एमकॉम के छात्र-छात्राओं का सहयोग रहा।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गजानन महाराज का आज प्रकट दिन समारोह

**धमतरी।** मराठापारा निवासी घोरपड़े परिवार द्वारा इस वर्ष भी गजानन महाराज (शेगांव वाले) का प्रकट दिन महोत्सव आज 8 फरवरी रविवार को आयोजित होगा। प्रातः सुबह 9 बजे से 11 बजे तक गजानन महाराज का अभिषेक एवं परायण संपन्न होगा। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक भक्तों के लिए महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक कार्यक्रम पाण्डूरंग निवास मराठापारा धमतरी में होगा। रजनी घोरपड़े, प्रशांत चेतना घोरपड़े एवं दुष्यंत भावना घोरपड़े ने श्रद्धालुजनों से धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

### रिटायर्ड डीआईजी को मिली संविदा, बने ओएसडी

**रायपुर।** सेवानिवृत्त डीआईजी कमलोचन कश्यप को राज्य शासन ने संविदा नियुक्ति का आदेश जारी किया है। उन्हें अब पुलिस मुख्यालय में विशेष कर्व्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) नियुक्त किया गया है। राज्य शासन गृह विभाग द्वारा इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि यह संविदा नियुक्ति एक वर्ष की अवधि या आगामी आदेश तक जो भी पहले हो, के लिए प्रदान की गई है। संविदा सेवा की शर्तें बाद में अलग से जारी की जाएगी।

### प्रदेश कांग्रेस की सचिव निवेदिता ने दिया इस्तीफा

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस की सचिव डा. निवेदिता चटर्जी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर पार्टी छोड़ने की बात कही है। पत्र में उन्होंने उपेक्षा का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वे 2014 से पार्टी पार्टी में सचिव का दायित्व मिला हुआ था। इस पद में 11 साल निकाला। कोई भी जिम्मेदारी मिली अच्छे से निभाया, योगदान दिया पर मैं सचिव ही रह गयी।

### नेशनल टैगोर फैलोशिप, छग से पहले अध्येता बने अशोक

**रायपुर।** वरिष्ठ संस्कृति एवं संग्रहालय विशेषज्ञ अशोक तिवारी को भारत सरकार की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय टैगोर शोधवृत्ति के लिए चयनित किया गया है। उन्हें यह शोधवृत्ति छत्तीसगढ़ की लोक एवं जनजातीय चित्रकला और मूर्तिकला पर गहन अध्ययन के लिए दी जा रही है। उनके शोध का विषय है सेक्रेड एंड डेकोरेटिव पॉइंटेड एंड स्कल्प्टेड फोक एंड ट्राइबल आर्ट ऑफ छत्तीसगढ़। फेलोशिप की अवधि दो वर्ष निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि टैगोर फेलोशिप सांस्कृतिक अनुसंधान के क्षेत्र में देश की सबसे प्रतिष्ठित शोधवृत्तियों में से एक है। अशोक तिवारी छत्तीसगढ़ से इस फेलोशिप के लिए चयनित होने वाले पहले शोधार्थी हैं।

### नहरों के विस्तार के लिए 5.33 करोड़ स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग द्वारा गरियाबंद लिले की दो सिंचाई योजनाओं की नहरों के विस्तारीकरण कार्य के लिए 5 करोड़ 33 लाख 09 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। स्वीकृत कार्यों में विकासखण्ड-गरियाबंद की सिकासार से कोडार लिंक परियोजना से झलप तक नहर विस्तारीकरण का सर्वेक्षण कार्य हेतु 2 करोड़ 87 लाख 51 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

---

बीसीएस पीजी कॉलेज में 2500 से अधिक छात्र देंगे परीक्षा, उड़नदस्ता का होगा गठन

# कॉलेज स्तर की परीक्षाएं 7 मार्च से, छात्र-छात्राएं तैयारी में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रैल 2026 की समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। विश्वविद्यालय के अनुसार इस वर्ष भी परीक्षाएं दो पॉलियों में आयोजित की जाएंगी। समय-सारिणी जारी होते ही शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में परीक्षा की तैयारियां तेज हो गई हैं।

घोषित कार्यक्रम के अनुसार बी.ए., बी.कॉम. एवं बी.एस.सी. भाग-दो एवं भाग-तीन (नियमित, अमहाविद्यालयीन, भूतपूर्व एवं पूरक) की परीक्षाएं प्रथम पॉली में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित होंगी। वहीं एम.ए., एम.कॉम. एवं एम.एस.सी. पूर्व एवं अंतिम वर्ष की परीक्षाएं द्वितीय पॉली में दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक होंगी।

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इस वर्ष 2500 से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा प्रभारी प्रो. कोमल यादव ने बताया कि परीक्षा संचालन को लेकर कक्ष व्यवस्था, पर्यवेक्षक नियुक्ति एवं अन्य आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।

परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार बी.ए. एवं बी.सी.ए. भाग-दो एवं भाग-तीन की परीक्षाएं 7 मार्च से 27 अप्रैल तक चलेंगी। वहीं बी.कॉम., बी.एस.सी. एवं बी.एस.सी. होम साइंस द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षाएं 10 मार्च से 29 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। इसी प्रकार एम.ए., एम.कॉम. एवं एम.एस.सी. पूर्व एवं अंतिम वर्ष की परीक्षाएं 19 मार्च से 10 अप्रैल तक होंगी। विश्वविद्यालय के निर्देशों के तहत नकल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया जाएगा। पूर्व वर्षों में सामने आए नकल प्रकरणों को देखते हुए इस बार कड़ाई बरती जाएगी।

इधर, छात्र-छात्राएं भी परीक्षा की तैयारी में पूरी तरह जुटे हैं। शुभांग पटेल, निधि मिश्रा, आलोक ठाकुर, चंदन तिवारी और कन्हैया यादव ने बताया कि वे परीक्षा को लेकर ग्रुप बनाकर नियमित अध्ययन कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि समय-सारिणी पहले घोषित होने से उन्हें तैयारी का पर्याप्त अवसर मिला है और वे अच्छे परिणाम को लेकर आशान्वित हैं। महाविद्यालय प्रबंधन ने सभी परीक्षार्थियों से प्रवेश पत्र के साथ निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने तथा विस्तृत जानकारी के लिए सूचना पटल का अनिवार्य रूप से अवलोकन करने का आग्रह किया है।

---

# केंद्रीय बजट से किसान, युवा, महिला और व्यापारी सभी को लाभ : शिवरतन



- भाजपा जिला कार्यालय में भाटापारा के पूर्व विधायक ने केंद्रीय बजट पर ली प्रेसवार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा जिला कार्यालय में केंद्रीय बजट 2026 को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा नेता एवं भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने बजट को किसानों की आय बढ़ाने, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने तथा हर वर्ग को सशक्त करने वाला बजट बताया।

श्री शर्मा ने कहा कि यह बजट देशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने, भारत को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने, व्यापारियों को टैक्स संबंधी झंझटों से राहत देने और महिलाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने वाला है।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट 2026 में युवाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। देशभर में पांच नई यूनिवर्सिटी टाउनशिप खोली जाएंगी, जिससे उच्च शिक्षा के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

**महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की राह**

बजट में ग्रामीण महिलाओं के लिए शी मार्ट की घोषणा की गई है। इसके साथ ही लखपति दीदी योजना के विस्तार का ऐलान कर महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया गया है।

**किसानों के लिए बहुआयामी योजनाएं**

श्री शर्मा ने बताया कि बजट में पशुपालकों के लिए लोन सब्सिडी, मछली पालन के लिए 500 बड़े तालाबों के निर्माण, कई किसानों के लिए विशेष कोक योजना तथा अखरोट एवं बादाम उत्पादक किसानों के लिए विशेष योजना की घोषणा की गई है। इसके अलावा किसानों को उद्यमी बनाने और छोटे किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

**व्यापार और एमएसएमई को मिलेगा बल**

व्यापारियों के हित में बजट को महत्वपूर्ण बताते हुए श्री शर्मा ने कहा कि एमएसएमई और छोटे उद्योगों के लिए 10,000 करोड़ रुपये की एमएसएमई विकास निधि का प्रावधान किया गया है, जिससे छोटे व्यापारियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 सबका साथ, सबका विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है।

---

## विद्यार्थियों को तनावमुक्त होकर परीक्षा की तैयारी के लिए किया प्रेरित



- सेजेय बठेना में छात्रों, शिक्षकों ने परीक्षा पे चर्चा का नौवां संस्करण सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों से संवाद का लोकप्रिय कार्यक्रम "परीक्षा पे चर्चा" का नौवां संस्करण देशभर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बठेना वार्ड स्थित महेतरू राम धीवर उत्कृष्ट आत्मानंद शासकीय हायर सेकेंड्री स्कूल में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश-विदेश में रह रहे विद्यार्थियों, उनके माता-पिता और शिक्षकों से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने परीक्षा के तनाव, लक्ष्य निर्धारण और आत्मविश्वास जैसे विषयों पर सरल एवं प्रेरक मार्गदर्शन दिया। इसी कड़ी में रंजना साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह मार्गदर्शन आज के युवाओं को स्पष्टता और अजेय आत्मबल के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार कर रहा है।

उन्होंने कहा कि जब प्रतिस्पर्धा के इस युग में विद्यार्थी मानसिक दबाव महसूस करते हैं, तब देश के प्रधानमंत्री का अभिभावक की भूमिका में आकर परीक्षा को उत्सव की तरह देखने की प्रेरणा देना विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे दबाव को अपने मन की स्थिति से जीतें, परिवार और शिक्षकों से खुलकर संवाद करें तथा प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेशों को जीवन में आत्मसात करें। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि भरत नाहर, वार्ड पार्षद श्यामलाल नेताम, प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू सहित शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पूनेम गोंडी गाथा के दूसरे दिन उमड़ा जनसैलाब



- कलशयात्रा में विधायक अजय, नपा अध्यक्ष ज्योति हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

यहां खेल मैदान में आयोजित पांच दिवसीय पूनेम गोंडी गाथा कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया जा रहा है। प्रथम दिन देव व्यवस्था कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम शुभारंभ हुआ जिसमें विधायक अजय चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए और आदिवासी समाज के देवी-देवताओं का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। दूसरे दिन कथा श्रवण करने जनसमुदाय उमड़ पड़ा।

गोंडी गाथा के कथावाचक शंकर शाह हिरपाची ने गोंडवाना की उत्पत्ति, सरला-गाघरा के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व पर कथा प्रस्तुत की। कथा के माध्यम से उन्होंने गोंडी धर्म, संस्कृति, रीति-रिवाज, पूजा विधि, जन्म संस्कार, विवाह संस्कार एवं मृत्यु संस्कार पर समाजजनों को जागरूक किया। कथा के दौरान जनसमुदाय भावविभोर होकर झूम उठा और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच इरपाची का स्वागत किया गया। कथा सुनने के लिए दूर-दराज क्षेत्र से आदिवासी समाज सहित अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष जीवराखन मरई ने समाजजनों से आह्वान किया कि बच्चों को गोंडी गाथा जैसे कार्यक्रमों से जोड़ना आवश्यक है, ताकि हमारी संस्कृति, संस्कार, रीति-नीति और संवैधानिक अधिकार सुरक्षित रह सके।

## पचपेड़ी के स्वयंसेवकों ने दी ए सर्टिफिकेट परीक्षा

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ए सर्टिफिकेट परीक्षा दी। प्राचार्य विनोद कुमार ठाकुर एवं कार्यक्रम अधिकारी मिथलेश कुमार सिन्हा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित ए सर्टिफिकेट परीक्षा में मुख्य परीक्षक के रूप में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता हरिश्चंद्र पटेल उपस्थित थे। परीक्षा में संस्था के 65 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्वयं सेवकों के दीक्षांत भाषण में प्राचार्य विनोद कुमार ठाकुर ने सेवा धर्म को सबसे कठिन बताया। मुख्य परीक्षक हरिश्चंद्र पटेल ने सेवा परमो धर्म की बात कहते हुए स्वयंसेवकों को सेवा के माध्यम से देश एवं समाज का निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी मिथलेश कुमार सिन्हा ने स्वयंसेवकों को सेवा के माध्यम से अपने चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण करने की बात कही तथा सेवा के मार्ग में चलकर देश एवं समाज के विकास में योगदान के लिए सभी स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में हेमेंद्र कुमार मेश्राम का विशेष सहयोग रहा।

## रामबाग नाले की मरम्मत का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा



- महापौर ने शहर के विभिन्न स्थानों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से महापौर रामू रोहरा ने नगर निगम की पूरी टीम के साथ शहर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

महापौर रामू रोहरा रामबाग पुलिया के पास पहुंचे, जहां दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अतिक्रमण के कारण यातायात एवं आमजन को परेशानी होती है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रामबाग पुलिया के पास स्थित नाले की मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, ताकि जल निकासी की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके।

इसके बाद महापौर गोकुलपुर स्कूल के पास पहुंचे, जहां बारिश के समय जलभराव की समस्या को देखते हुए नाली पुलिया निर्माण की आवश्यकता बताई गई। महापौर ने अधिकारियों को यहां जल्द से जल्द नाली पुलिया बनवाने के निर्देश दिए, ताकि स्कूली बच्चों एवं स्थानीय नागरिकों को आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। महापौर श्री रोहरा ने कहा कि शहर का समुचित विकास और नागरिकों की सुविधाएं उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मौके पर सभापति कौशिल्या देवांगन, उपायुक्त पीसी सार्वा, एमआईसी सदस्य अखिलेश सोनकर, विभा चंद्राकर, पार्षद हेमंत बंजारे, अज्जू देशलहरे, कुलेश सोनी, प्र. कार्यपालन अभियंता महेंद्र जगत, इंजीनियर कमलेश ठाकुर, लोमश देवांगन, नमिता नागवंशी, एश्वर्य दीवार समेत जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## रामपुर के नए काम्पलेक्स में प्रसाधन की सुविधा नहीं

- शौचालय को पूर्ण कर बोर में पाइप कनेक्शन जोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रामपुर वार्ड स्थित नया व्यावसायिक परिसर के दुकानदार शौचालय और पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। निगम आयुक्त से शौचालय एवं पानी व्यवस्था की मांग की है।

रामपुर व्यावसायिक परिसर के दुकानदार दीपक साहू ने निगम आयुक्त को दिए आवेदन में कहा है कि रामपुर वार्ड में निगम ने नया काम्प्लेक्स बनाया है। यहां बोर है लेकिन इसमें पाइप लाइन कनेक्शन नहीं हुआ है। उन्होंने दुकान तो खोल ली है लेकिन प्रसाधन की सुविधा नहीं होने से उसे तथा महिला कर्मचारी को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दीपक साहू ने शौचालय को पूर्ण कर पानी व्यवस्था करने की मांग की है।

# प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मिलेगी खेलवृत्ति

**क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना : आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 फरवरी**

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के उभरते एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छग क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रतिभा खोज कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस योजना के तहत खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छग द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड एवं नेशनल गेम्स में शामिल खेलों की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं (सीनियर, जूनियर एवं सब-जूनियर वर्ग) में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को भी खेलवृत्ति का लाभ मिलेगा। सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार 75000, द्वितीय 50000 एवं तृतीय पुरस्कार 40,000 रूपये, जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार 60000, द्वितीय 40000 एवं तृतीय पुरस्कार 30000, सब जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार 50000, द्वितीय 25000 तथा तृतीय पुरस्कार 20,000 रूपये दिया जायेगा। एकल एवं दलीय खेलों में वही खिलाड़ी पात्र होंगे, जिन्होंने वा स्त वि क रूप से प्रतियोगिता में भाग लिया हो। खेलवृत्ति हेतु आवेदन पत्र, राज्य खेल संघ से प्रमाणीकरण के पश्चात खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय रूद्री धमतरी में जमा किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 फरवरी है।

# अधिवक्ताओं के वाहनों के लिए स्थायी शेड निर्माण की मांग

- जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने महापौर से की मुलाकात

**धमतरी।** जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने महापौर रामू रोहरा से मुलाकात की। इस अवसर पर शहर के समग्र विकास, अधिवक्ताओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं तथा उनके निराकरण को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। अधिवक्ता संघ ने तहसील कार्यालय धमतरी के पीछे स्थित शासकीय भूमि पर अधिवक्ताओं के वाहनों के लिए स्थायी शेड निर्माण की मांग रखी। महापौर श्री रोहरा ने शहर हित एवं अधिवक्ता हित को ध्यान में रखते हुए उक्त मांग को तत्काल स्वीकृति प्रदान की। पदाधिकारियों ने अधिवक्ता हितों के साथ-साथ नागरिक सुविधाओं, अधोसंरचना विकास एवं जनसमस्याओं की ओर भी महापौर का ध्यान आकर्षित किया। महापौर श्री रोहरा ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ की ओर से नीरज तिवारी, सचिन जाचक, तल्लीनपुरी गोस्वामी, संजय शुक्ला, पीयूष देवांगन, योगेश जगताप, कैलाश साहू, विजय तिवारी, तोरण तिवारी, राजेश सिन्हा, यदुनंदन सिन्हा, संदीप भारद्वाज, मुन्ना नेताम, अशोक सोलंके, मनोहर तारक, रामेश्वरी सपहा, माया महेश्वरी, गौरव सोलंके सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।









